लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3088

दिनांक 6.12.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

शहरी हाट/हस्तशिल्प हाट

3088. श्री कृष्ण पाल सिंह यादव:
श्री मारगनी भरत:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कार्यरत शहरी हाटों/हस्तशिल्प हाटों के कार्यकरण का आंध्र प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का अवसरंचना और प्रोद्योगिकी सहयोग अथवा अन्य योजनाओं के अंतर्गत देश के विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में शहरी हाटों/हस्तशिल्प हाटों की स्थापना करने का विचार है और यदि हां, तो मध्य प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इस संबंध में उक्त प्रयोजनार्थ राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी निधि आबंटित की गई है; और

(घ) देश में हस्तशिल्प, कारीगरों, हथकरघा बुनकरों को बढ़ावा देने और विपणन करने में शहरी हाट/हस्तशिल्प हाट से किस सीमा तक सहायता मिल रही है?

उत्तर

वस्त्र मंत्री
(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क): महोदय, देश में कार्यरत शहरी हाटों/हस्तशिल्प हाटों के कार्यकरण का आंध्र प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख) एवं (ग): जी नहीं, महोदय।

(घ): महोदय, शहरी हाट/हस्तशिल्प हाट कारीगरों/बुनकरों को प्रत्यक्ष रूप से विपणन मंच प्रदान करते हैं जिससे देश में कारीगरों/बुनकरों की आय में वृद्धि हुई है।

दिनांक 6.12.2019 को लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 3088 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित विवरण

अनुबंध

कार्यरत शहरी हाटों/हस्तशिल्प हाटों की राज्य/संघ-राज्यक्षेत्र वार सूची

क्रमांक	राज्य	स्थान
1.	आंध्र प्रदेश	1. तिरुपति
2.	छत्तीसगढ़	2. रायपुर
3.	दिल्ली	3. आईएनए, दिल्ली हाट 4. पीतमपुरा हाट
4.	गुजरात	5. भुज 6. अहमदाबाद
5.	हरियाणा	7. करनाल
6.	झारखंड	8. हजारीबाग
7.	जम्मू एवं कश्मीर	9. श्रीनगर 10. जम्मू
8.	कर्नाटक	11. मैसूर 12. मंगलौर
9.	मध्य प्रदेश	13. भोपाल 14. इंदौर
10.	महाराष्ट्र	15. नवी मुम्बई
11.	मणिपुर	16. इम्फाल
12.	नागालैंड	17. दीमापुर
13.	ओडिशा	18. भुवनेश्वर 19. कोर्णाक 20. पुरी
14.	राजस्थान	21. अजमेर 22. जोधपुर 23. जयपुर
15.	तमिलनाडु	24. कन्याकुमारी 25. ममल्लापुरम
16.	त्रिपुरा	26. अगरतला
17.	उत्तर प्रदेश	27. वाराणसी 28. आगरा 29. बरेली 30. रामपुर
18.	पश्चिम बंगाल	31. दुर्गापुर 32. शांतिनिकेतन 33. विश्व बंगला हाट कोलकाता

******